# ग्लेन ने उतारे कई नए अप्लायंसेज

**नई दिल्ली, वि. :** ग्लेन अप्लायंसेज इंडिया ने इन्नोवेटिव अप्लायंसेज की नई रेंज पेश की है। इन नए उत्पादों में ब्रेड मेकर, ग्लास ग्रिल, एयर फ्रायर, रूम हीटर, ग्लास केटली, ट्रैवल केटली और हैंड मिक्सर शामिल हैं। इन उत्पादों को बेहद खूबसूरती के साथ डिजाइन किया गया है।

ग्लेन के ब्रेड मेकर जीएल 3034 घर के बने ब्रेड का मजा लिया जा सकता है। यह उत्पाद 12 मेनू के साथ आता है। ग्रिल्ड फूड के दीवानों के लिए कंपनी ने ग्लास ग्रिल जीएल 3033 उतारा है।

स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहने वालों के लिए ग्लेन डिजिटल एयर फ्रायर जीएल 3041 है। इसमें डीप फ्राई करने की जरूरत नहीं होती। सिर्फ एयर फ्राई करके 80 फीसद खाद्य तेल की खपत कम की जा सकती है। यानी सेहतमंद रहते हुए फ्राइड फूड का आनंद लिया जा सकता है। ग्लेन टी मेकर और केटली जीएल 9010 ताजगी भरी चाय बनाना आसान बनाते हैं। यात्रा के दौरान चाय का आनंद लेने के लिए ट्रैवल केटली है। ग्लेन अप्लायंसेज के सोहराब कहते हैं कि इन सभी उत्पादों को भविष्य के शहरी घरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।